# पानी नहीं मिला तो त्रिवणी रोड पर किया चक्काजाम



त्रिवेणी मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध जताते हुए रहवासी। • नईदुनिया

**रतलाम।** त्रिवेणी मुक्तिधाम मार्ग पर नाले की सफाई के दौरान पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से पांच दिनों से आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

पानी नहीं मिलने पर मंगलवार सुबह करीब आठ बजे क्षेत्रीय रहवासियों ने त्रिवेणी मुक्तिधाम मार्ग पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का कहना था कि पेयजल सप्लाई सामान्य करने के लिए काम नहीं किया जा रहा है और टैंकर से भी आपूर्ति नहीं की गई। नगर निगम के अमले ने मौके पर पहुंचकर आपूर्ति का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।

## माही नदी का पानी रतलाम लाने की मांग

### मेट्रो रेल, स्मार्ट सिटी, अमृत, पीएम आवास योजनाओं के काम अटक सकते हैं

# मध्यप्रदेश ने मांगी केंद्र से 11 हजार करोड़ ज्यादा कर्ज लेने की इजाजत

भास्कर न्यूज | भोपाल


राज्य सरकार ने केंद्र से इस साल 11 हजार करोड़ रुपए ज्यादा कर्ज लेने की अनुमति मांगी है। कोरोना कर्फ्यू के कारण बंद से अप्रैल और मई के महीने में हुई आय 55 फीसदी यानी करीब 4500 करोड़ रुपए ही होना है, जबकि इन दो महीनों में ही सामान्य स्थिति में राजस्व आय 10 हजार करोड़ रुपए होती। वित्त विभाग के अधिकारियों के अनुसार आगामी दिनों में भी प्रदेश की वित्तीय स्थिति में उतार-चढ़ाव बने रहेंगे। राजस्व आय कम होने से प्रदेश में मेट्रो रेल, स्मार्ट सिटी, अमृत, पीएम आवास योजनाओं के काम अटक सकते हैं। पीडीएस के तहत होने वाली खरीदी के लिए भी राज्य सरकार को जरूरत है। इस स्थिति को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो दिन पहले दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर राज्य सरकार की कर्ज लेने की लिमिट 1% बढ़ाने की अनुमति मांगी है। इससे बाजार से 11 हजार करोड़ रुपए ज्यादा कर्ज लिया जा सकेगा। इधर, फिलहाल वैक्सीन खरीदी में होने वाले 2300 करोड़ के खर्च से राहत मिल गई है, क्योंकि राज्य को वैक्सीन केंद्र से मिल रही है।

### किस काम के लिए कितनी जरूरत

| प्रमुख योजनाएं | राशि की जरूरत |
|---|---|
| मेट्रो रेल | 1400 करोड़ रुपए |
| स्मार्ट सिटी | 1000 करोड़ रुपए |
| पीएमएवाई | 1000 करोड़ रुपए |
| अमृत परियोजना | 1000 करोड़ रुपए |
| बकाया डीए | 2700 करोड़ रुपए |
| पीडीसी के तहत खरीदी | 8000 करोड़ रुपए |

### 5 हजार करोड़ रुपए की कमी आई

कर्ज लेने की लिमिट में 1% वृद्धि होने से 11 हजार करोड़ ज्यादा कर्ज लिया जा सकेगा। इस साल राज्य सरकार ने करों से होने वाली आय का लक्ष्य जो तय किया है, उसके हिसाब से शुरुआती तीन माह में ही 5 हजार करोड़ की कमी आई है।



# विधायक काश्यप ने टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ कर शहरवासियों को किया प्रेरित

रतलाम । कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए सोमवार को टीकाकरण महाअभियान का रतलाम में भी विभिन्न स्थानों पर आयोजन हुआ। शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने स्टेशन रोड स्थित उजाला पैलेस में टीकाकरण का शुभारंभ किया। इसके बाद नगर के विभिन्न टीकाकरण केन्द्रों पर जाकर उन्होंने शहरवासियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान भाजपा जिला टीकाकरण प्रभारी गोविंद काकानी, आईटी सेल के प्रदेश सहसंयोजक सोमेश पालीवाल साथ रहे। उजाला पैलेस में टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ विधायक श्री काश्यप ने मण्डल अध्यक्ष आदित्य डागा, झुग्गी प्रकोष्ठ के संभागीय सहसंयोजक अश्विन जायसवाल की उपस्थिति में किया। श्री काश्यप वेरियाखेड़ी स्थित सिंधी गुरुद्वारा में पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, मुखर्जी मण्डल अध्यक्ष रघुर पुरोहित की उपस्थिति में टीकाकरण अभियान में शामिल हुए। इसके बाद वे विनोबा नगर में रामदास पब्लिक स्कूल पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने गुरुद्वारा पहुंचकर अरदास भी की। इस दौरान ज्ञानी मानसिंह, अम्बेडकर मण्डल अध्यक्ष करण धीर्य बड़गोत्या मौजूद रहे। माहेश्वरी धर्मशाला में श्री काश्यप ने पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, समाज अध्यक्ष व पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा के साथ टीकाकरण अभियान का जायजा लिया। जैन स्कूल स्थित काश्यप सभागृह में श्री काश्यप ने पूर्व मण्डल अध्यक्ष जयवंत कोठारी एवं मण्डल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी के साथ उपस्थितजनों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। आनंद कॉलोनी स्थित लॉ कॉलेज एवं शैरानीपुरा जमातखाना में मण्डल अध्यक्ष निलेश गांधी व अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष इब्राहिम शैरानी के साथ टीकाकरण के कार्य का जायजा लिया। इससे पूर्व श्री काश्यप ने टीकाकरण जागरूकता हेतु खुशी एक पहल वेलफेयर सोसायटी द्वारा बनाए गए रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना भी किया।




# मतदान की तरह टीकाकरण महाअभियान में लगे भाजपा कार्यकर्ता

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए चलाए गए टीकाकरण महाअभियान के पहले दिन भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाई। शहरवासियों को अधिक से अधिक प्रेरित करने से महाअभियान में 14,000 से अधिक लोगों का टीकाकरण हुआ।

अभियान के दौरान सभी टीकाकरण केन्द्रों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेल्प डेस्क लगाकर आमजन की मदद के लिए सक्रियता के साथ सहभागिता की। इससे पूर्व दिनभर मतदान कराने की तर्ज पर घर-घर जाकर आम लोगों को टीकाकरण के लिए केन्द्र पर आने का न्यौता दिया और उन्हें केन्द्र पर लाकर टीका लगवाया।

शहर विधानसभा के टीकाकरण प्रभारी विधायक चेतन्य काश्यप ने उजाला पेलेस, सिंधि गुरुद्वारा, रामदास पब्लिक स्कूल, महेश्वरी धर्मशाला, काश्यप सभागृह जैन स्कूल, शैरानी पुरा जमातखाना, लॉ कॉलेज, रंगोली सभागृह आदि स्थानों पर पहुंचकर टीकाकरण के लिए शहरवासियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का भी हौसला बढ़ाया। इस दौरान जिला टिकाकरण प्रभारी गोविंद काकानी भी उनके साथ रहे। भाजपा पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी कार्यकर्ता भी दिनभर टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में जुटे रहे।

टीकाकरण अभियान के पहले दिन कुल 14031 लोगों ने टीके लगवाए जो पार्टी द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। श्री पालीवाल ने बताया कि टीकाकरण महाअभियान के तहत शहर में शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य पूर्ण

**डेढ़ साल तैयारी अब फिर इंतजार** • महामारी में अव्यवस्था से जनता में नाराजगी व हालिया चुनाव नतीजों के चलते सरकार भी चुनाव कराने के पक्ष में नहीं

# अब 2022 में ही होंगे नगरीय निकाय चुनाव क्योंकि मानसून की आमद, सितंबर और अक्टूबर में तीसरी लहर का अंदेशा व नवंबर में दीपावली

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

## अब मतदाता सूची पांचवीं बार करना पड़ेगी अपडेट

शिवेंद्र दुबे | रतलाम

डेढ़ साल में चार बार टल चुके नगरीय निकाय चुनाव अब 2022 में ही होंगे। मानसूनी बारिश होने लगी है जो सितंबर में थमेगी। उसके बाद जैसा की विशेषज्ञ आशंका जता चुके हैं, कोरोना की तीसरी लहर चल पड़ेगी। ऐसा हुआ तो अगस्त से अक्टूबर तक वायरस से लड़ने में गुजर जाएंगे। 4 नवंबर को देश का सबसे बड़ा त्योहार दीपावली है।

अंदर की बात यह है कि सत्ताधारी पार्टी भाजपा भी अभी खुद को चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार नहीं कर पा रही है। इसके दो प्रमुख कारण हैं पहला महामारी में अव्यवस्था से जनता में नाराजगी और दूसरा हालिया राज्यों के चुनाव नतीजे हैं। त्योहार के बाद तैयारी करके चुनाव करवाने में दो माह का समय लग जाएगा। इतने में नया साल आ जाएगा जिसके चलते राज्य निर्वाचन आयोग को एक बार फिर मतदाता सूची 1 जनवरी की स्थिति में अपडेट करना पड़ेगी। फिलहाल, दिसंबर 2019 में परिषद का कार्यकाल खत्म होने के बाद से अब तक रतलाम सहित प्रदेश के सभी 16 नगर निगम का कामकाज प्रशासक संभाल रहे हैं।

## जानिए, नगरीय निकाय चुनाव फिलहाल नहीं करवाने के चार बड़े कारण

### महामारी

अप्रैल व मई में आई कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन, रेमडेसिविर, वेंटिलेटर सहित अन्य के सरकारी बदइंतजामी से जनता में नाराजगी। इसे दूर करने में दो से तीन माह लगेंगे।

### चुनाव परिणाम

दमोह उपचुनाव में कांग्रेस की जीत, पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्य और यूपी पंचायत चुनाव में भाजपा को उम्मीद अनुसार सफलता नहीं मिली। सरकार आशंकित है कि इसका असर निकाय चुनाव पर पड़ेगा।

### तीसरी लहर

तीन माह बाद यानी अगस्त-सितंबर में कोरोना की तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है। ऐसा हुआ तो उससे निपटने और स्थिति सामान्य होने में तीन से चार माह लग जाएंगे।

### संगठन

फिलहाल भाजपा आधार मजबूत करने में लगी है। इसके लिए संगठन ने 23 जुलाई तक की गतिविधियां दे रखी हैं। इसके बाद ही चुनाव की तैयारी पर बात होगी।

## शहर में 219843 मतदाता चुनेंगे नगर सरकार

चौथी बार मार्च में संशोधित सूची अनुसार अब शहर के 219843 मतदाता नगर सरकार चुनेंगे। अगर दूसरी लहर नहीं आती तो निर्वाचन आयोग अप्रैल में चुनाव करा लेता। इसे लेकर भाजपा व कांग्रेस ने भी तैयारी शुरू कर दी थी। पार्षद और महापौर के लिए भाजपा में 250 से ज्यादा तो कांग्रेस में 150 से ज्यादा उम्मीदवारों ने मैदान भी संभाल लिया था। टिकट चयन के लिए दोनों पार्टियों ने सिर्फ जीतने वाले उम्मीदवारों को टिकट देने की गाइडलाइन तय की थी।

## पिछले डेढ़ साल से इस तरह टल रहे हैं निकाय चुनाव

- **नवंबर-दिसंबर 2019** - तब सत्ता में कांग्रेस थी जो परिसीमन में उलझकर रह गई।
- **मार्च-अप्रैल 2020** - कोरोना की पहली लहर के चलते 25 मार्च से टोटल लॉकडाउन लग गया।
- **नवंबर-दिसंबर 2020** - संक्रमण बढ़ने से राज्य निर्वाचन आयोग ने चुनाव 20 फरवरी 2021 तक के लिए स्थगित कर दिए।
- **फरवरी-मार्च 2021**- कोरोना की दूसरी लहर शुरू हो गई, अभी भी हालात सामान्य नहीं हो पाए हैं।

## अभी चुनाव संभव नहीं

- *तीसरी लहर नहीं आई तो अगस्त-सितंबर में चुनाव हो सकते हैं। फिलहाल तो कोई गुंजाइश नहीं है। जुलाई तक संगठन की गतिविधियां चलेंगी, उसके बाद कुछ संभावना बन सकती है।*

  **दिनेश शर्मा,** स्थानीय निकाय चुनाव प्रभारी, भाजपा

- *जल्द निकाय चुनाव नहीं होने वाले। सत्ता में होने के बावजूद भाजपा चुनाव कराने से बच रही है। अभी तो कोरोना की दूसरी लहर का असर चल रहा है। तीसरी की आशंका है, उसके बाद दीपावली आ जाएगी। कांग्रेस की तैयारी पूरी है।*

  **महेंद्र कटारिया,** अध्यक्ष, कांग्रेस

**कोरोना से जंग:** दूर है जीत की डगर, जुलाई में फिर रफ्तार देगी सरकार

# दोहरी खुशी; प्रदेश में कोरोना केस 65 पर आए, 30% आबादी को टीके

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** कोरोना से जंग में मध्यप्रदेश जीत की ओर बढ़ रहा है। मंगलवार को दोहरी खुशी का मौका आया। राज्य में कोरोना संक्रमण के सिर्फ 65 केस आए। अब तक 30 के आसपास चल रही मौतों की संख्या भी 20 पर पहुंच गई। साथ ही योग दिवस पर हुए रेकॉर्ड टीकाकरण के विस्तृत आंकड़े भी सामने आए। सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, 21 जून को एक दिन में कुल 16 लाख 95 हजार 592 नागरिकों को टीका लगाया गया। इन्हें मिलाकर अब तक राज्य में करीब 1 करोड़ 68 लाख लोगों को टीकाकृत किया जा चुका है। इनमें 1 करोड़ 46 लाख से ज्यादा को पहला तो 21 लाख 42 हजार को दोनों डोज लगाए जा चुके हैं। इस लिहाज से प्रदेश की करीब 30% आबादी को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। राज्य में करीब 5 करोड़ 49 लाख लोगों का टीकाकरण किया जाना है। ऐसे में जीत की डगर तनिक लंबी है। अब 1 से 3 जुलाई के बीच अभियान चलेगा।

**सीएम रहे चेहरा, संगठन भी आगे आया :** 21 जून के टीकाकरण महाअभियान का प्रमुख चेहरा सीएम शिवराज सिंह चौहान ही रहे। उन्होंने ही इसे लीड किया। सत्ता-संगठन ने अभियान में पूरी ताकत झोंक दी। राज्य मुख्यालय से लेकर हर ब्लॉक, वार्ड और गांव तक टीमें लगाई गईं। दो दिन पहले ही युद्ध स्तर पर काम शुरू हो गया था।

## जंगल में टीका; अंचल की यह तस्वीर बताती है उत्साह



योग दिवस पर आयोजित महाअभियान में अंचल में इस तरह टीकाकरण हुआ, जो लोगों का उत्साह बताता है।

## हर जिले का 100% से ज्यादा प्रदर्शन, आदिवासी जिले भी आगे

महाअभियान में प्रदेश के सभी 52 जिलों ने 100 फीसदी से ज्यादा लक्ष्य हासिल किया। चौंकाने वाला प्रदर्शन आदिवासी जिलों का रहा, क्योंकि इन जिलों में इतनी उम्मीद नहीं की गई थी। अनूपपुर तो टॉप-5 जिलों में शामिल हुआ। इस महाअभियान से पहले अधिकांश आदिवासी जिले टीकाकरण में बहुत पिछड़े थे। दूसरे डोज लेने में लोगों ने रुचि नहीं दिखाई थी। महाअभियान के पहले प्रदेश में औसत आठ से दस हजार लोग दूसरा डोज ले रहे थे, कभी-कभी ये आंकड़ा एक से दो हजार तक पहुंचा है, लेकिन इस एक दिन में 85 हजार से ज्यादा लोगों ने दूसरा डोज लिया।

### पीएम से चर्चा के बाद किया था तय

सीएम शिवराज ने पहले 1, 2 और 3 जुलाई को अभियान चलाना तय किया था, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद उन्होंने प्लान को बदला। इसके तहत 21 जून को बड़े पैमाने पर अभियान चलाना तय हुआ। जुलाई के तीन दिन में अलग अभियान रखा गया।

### ये रहा आदिवासी जिलों का प्रदर्शन

| | |
|---|---|
| अनूपपुर | 166% |
| डिंडौरी | 154% |
| धार | 142% |
| आलीराजपुर | 138% |
| उमरिया | 135% |
| झाबुआ | 135% |
| बड़वानी | 135% |
| शहडोल | 122% |
| सीधी | 119% |
| मंडला | 112% |

*प्रदेश ने एक दिन में लक्ष्य से ज्यादा टीका लगाकर 127% प्रदर्शन किया।*

**आज फिर लगेंगे टीके:** बुधवार को प्रदेश में फिर टीकाकरण किया जाएगा। 30 जून तक 50 लाख टीकाकरण का लक्ष्य है। इसलिए रोजाना राज्य में 4 से 5 लाख लोगों का टीकाकरण होगा।

# अमृत सागर तालाब के संरक्षण, संवर्धन, उन्नयन एवं प्रबंधन के लिये अंतर्विभागीय समिति गठित

रतलाम। राज्य शासन द्वारा अमृत सागर तालाब रतलाम मध्यप्रदेश के संरक्षण, संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना की समीक्षा किये जाने हेतु अंतर्विभागीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग को अध्यक्ष; प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, आयुक्त नगर पालिका निगम रतलाम को सदस्य के रूप में तथा कार्यपालन संचालक पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल को संयोजक नामांकित किया गया है। 25/4/17

# अमृत सागर तालाब के संरक्षण, संवर्धन, उन्नयन एवं प्रबंधन के लिए अंतर्विभागीय समिति गठित

रतलाम। राज्य शासन द्वारा अमृत सागर तालाब रतलाम मध्यप्रदेश के संरक्षण, संवर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना की समीक्षा किये जाने हेतु अंतर्विभागीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग को अध्यक्ष, प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, आयुक्त नगर पालिका निगम रतलाम को सदस्य के रूप में तथा कार्यपालन संचालक पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल को संयोजक नामांकित किया गया है। 25/4/17

# अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वालों का टीकाकरण टला

पत्रिका सिटी हैपनिंग



रतलाम. अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों का कोविड-19 कोविशिल्ड दूसरे डोज का मंगलवार को होने वाला टीकाकरण का विशेष सत्र टल गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इसके लिए 22 जून को न्यू कलेक्टर कार्यालय महू रोड रतलाम पर आयोजित किया जाना था। टीकाकरण की सूचना पर बड़ी संख्या में लोग सुबह से ही कलेक्टर कार्यालय पहुंचने लगे थे लेकिन जब उन्हें टीकाकरण नहीं होने की जानकारी मिली तो वह दस्तावेजों का सत्यापन कराकर लौट गए।

दरअसल कलेक्टर कार्यालय में टीकाकरण के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक का समय दिया गया था। यह सत्र मुख्य रूप से शैक्षणिक प्रयोजन के लिए विदेश यात्रा करने वाले छात्र, रोजगार संबंधी प्रयोजन के लिए, टोक्यो ओलंपिक गेम में सम्मिलित होने वाले खिलाड़ी और एथलीट का टीकाकरण किया जाना था। विशेष सत्र के दौरान अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले पात्र हितग्राही कोविशिल्ड संबंधी दूसरा टीका का डोज 28 दिन के अंतराल पर लगाया जाएगा।

## यहां करे संपर्क

टीका लगवाने के लिए इच्छुक हितग्राही को परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण के कार्यालय में संबंधित दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे। इसमें शिक्षण उद्देश्य के लिए प्रवेश प्रस्ताव या सम्बध्द औपचारिक दस्तावेज, क्या व्यक्ति पूर्व से ही किसी विदेशी शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत हैं, अध्ययन को सतत रखने के लिए विदेश यात्रा करना चाहता है, रोजगार संबंधी साक्षात्कार या ऑफर लेटर, टोक्यो ओलंपिक गेम्स में सम्मिलित होने के लिए नामांकन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करना होंगे।

## विशेष सुविधा दी गई

अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले लोग दस्तावेज सत्यापन करा कर प्रमाण पत्र प्राप्त करन्यू कलेक्ट्रेट में केवल 28 दिन के अंतराल पर कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगवा सकते हैं। यह सुविधा केवल उल्लेखित श्रेणियों के लोगों के लिए हीमान्य रहेगी। इतना ही नहीं रतलाम जिले में कोविड-19 का टीकाकरण यहां के अतिरिक्त और कहीं नहीं किया जाना था लेकिन यह किन्हीं कारणों से यहां भी नहीं हो सका।

# ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के 175 व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया

प्रशासन न्यूज़ * रतलाम



ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर एसोसिएशन एक्सीलेंट ऑटोमोबाइल्स (हीरो शोरूम) के संयुक्त तत्वाधान में 21 जुन को वैक्सीनेशन कैंप प्रशासन के माध्यम शहर एसडीएम अभिषेक गहलोत, मनीषा वास्केले टीकाकरण प्रभारी वर्षा कुरेल डॉ प्रमोद प्रजापति, लोकेश सिस्टर, शकीला खान आदि लोगों का ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन एक्सीलेंट परिवार आभार व्यक्त करता हैय ट्रांसपोर्ट व्यवसायिय, हम्माल,ड्राइवर, हेल्पर, मैकेनिक,फोर टू व्हीलर सभी को वैक्सीनेशन किया गया। वैक्सीनेशन कार्य के सहयोग से रतलाम ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर एसोसिएशन के 175 व्यक्तियों का वैक्सीनेशन किया गया। सफल संचालन के लिए एसोसिएशन के पदाधिकारी सदस्यगण ने अपनी सेवाएं दी।

एसोसिएशन के महासचिव प्रदीप छिपानी, वीरेंद्र कुमार श्रीमाल, प्रशांत जैन, मुकेश जैन, प्रधान छिपानी, रितेश छिपानी, हेमंत श्रीमाल, देवेंद्र सिंह चंद्रावत, शैतान सिंह गुर्जर एवं एक्सीलेंट ऑटोमोबाइल्स हीरो शोरूम के समाजसेवी मुस्ती भाई पाना वाला एवं टू व्हीलर मैकेनिकल सघ टीकाकरण प्रभारी गोविंद ककानी आदि सदस्यगण एवं ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहन सविता दीदी एवं साथी गण वैक्सीनेशन कैंप को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

कांग्रेस की चेतावनी

# सुधार नहीं हुआ तो कारोबारियों को साथ लेकर करेंगे आंदोलन



रतलाम @ पत्रिका. नगर निगम के द्वारा शहर में स्वच्छता अभियान चल रहा है। इस अभियान केदौरान नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सख्ती रखे हुए है। लापरवाही कर्मचारियों पर गाज भी गिरा रहे हैं। अब कांग्रेस ने इसके लिए आवाज उठाते हुए दो दिन का समय दिया है। बाजार में दो दिन में हाल नहीं सुधरे तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत पंड्या ने बताया मानसून की शुरुआत हो गई है। लेकिन नोलाईपुरा, चौमुखीपुल, खैरादीवास, धांस बाजार, कलाईगर रोड, भराबा कुई और पोरवाड़ा का वास में बहने वाले नालों की सफाई अब तक नहीं हुई है। मानसून के दौरान पोरवालों का वास में हर बार नाले का पानी सड़क से लेकर दुकानें तक भर जाता है, लेकिन अब तक इस मामले को गंभीरता से लेकर सफाई के लिए ध्यान नहीं दिया गया। घास बाजार स्थित भेरुजी का मंदिर पूरी तरीके से गंदे पानी से भरा गया है। इसकी नियमित सफाई जरूरी है। इसलिए अब दो दिन में सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।

# संत रविदास चौक पर सड़क किनारे लगे पत्थरों से नागरिकों हो रही परेशानी

## मंत्रि-परिषद की बैठक में कई निर्णय

# एक जुलाई से फिर चलेगा तबादलों का दौर

**भोपाल, 22 जून** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आज मंत्रि-परिषद की बैठक संपन्न हुयी, जिसमें प्रदेश में सर्व संसाधन युक्त विद्यालयों के लिए 6952 करोड़ रूपये की सहमति दी गयी.

कैबिनेट बैठक के बाद गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में एक जुलाई से स्थानांतरण से प्रतिबंध हटेगा इस दौरान प्रशासनिक एवं मानवीय आधार पर सावधानीपूर्वक ट्रांसफर किए जा सकेंगेकैबिनेट ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के छह पदों को दो वर्ष के लिए अनुमति दी हैसाथ ही डीपीओ के 33 पदों को मंजूरी दी गई है

कोविड के कारण प्रभावित हो गई रेत कारोबार को सरकार ने राहत पहुँचाने के लिए महत्वपूर्ण फ़ैसला किया है गृह मंत्री ने बताया कि रेत के सम्बंध में मध्यमार्ग निकाला जाएगा,जिससे रेत कारोबारियों और शहर में मकान बनाने वाले दोनों को तकलीफ ना हो

प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में



गुणात्मक सुधार लाने के लिए आगामी तीन वर्षों में 9,200 सर्व संसाधन संपन्न विद्यालय खोले जाएंगे इन विद्यालयों में अत्याधुनिक लैब होगी, स्मार्ट कक्षाएं होंगी और सभी सुविधा संपन्न होगीइनमें से प्रथम चरण में 350 सर्व संसाधन संपन्न विद्यालयों को पूर्णरूप से सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा ये विद्यालय प्रत्येक बसाहट के 15 किलोमीटर के दायरे में स्थापित किए जाएंगेइसमें तीन वर्ष में लगभग रू. 6952 करोड़ रू.का अनुमोदन किया गया है

नर्मदा घाटी विकास विभाग को नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड हेतु आवंटित राशि रूपये 300.00 करोड को नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट्स कंपनी लिमिटेड को हस्तांतरित किया जाएगा

23/6/21

# भेरूजी के मंदिर में भरा नाले का पानी

रतलाम। नगर निगम के स्वास्थ्यकर्मियों से लेकर कमिश्नर तक कई बार शहर के मुख्य बाजार नौलाईपुरा, चौमुखी पुल, खेरादीवास, घास बाजार, कलाईगर रोड, भरावा की कुई और पोरवाड़ा का वास में बहने वाले नालों की सफाई के लिए कहा गया, लेकिन अभी तक किसी ने भी ध्यान नहीं दिया है।

वर्षाकाल प्रारंभ हो गया है और समस्या बढ़ने लगी है। इसके बाद भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। नालों की सफाई नहीं होने के कारण खेरादीवास से लेकर पोरवाड़ों के वास तक का यह पूरा क्षेत्र जरा-सी बारिश में घुटने-घुटने तक पानी से भर जाता है।

क्षेत्र में आने वाले हमारी आस्था के देवस्थान भी गटर के पानी से गंदे हो जाते हैं। घास बाजार स्थित भेरूजी का मंदिर में नाले का पानी भरा गया। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बसंत पंड्या ने निगम प्रशासन को सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



घास बाजार स्थित भेरूजी मंदिर के आसपास फैली गंदगी। • नईदुनिया

## गड्ढों में जलजमाव से परेशानी महासभा आज सौंपेगी ज्ञापन

रतलाम। अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा बुधवार दोपहर 12:30 बजे निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया व नगर निगम प्रशासक कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम को ज्ञापन दिया जाएगा। प्रदेश संगठन मंत्री मंगलसिंह डाबी ने बताया कि एक तरफ बताया जा रहा है कि रतलाम स्मार्ट सिटी बनने की तैयारी में है और दूसरी तरफ सीवरेज लाइन के लिए खोदे गए गड्ढों की अभी तक पूरी तरह से मरम्मत नहीं की गई है। इससे आम जनता को परेशानी उठाना पड़ रही है। बारिश होने के कारण गड्ढों में जलजमाव हो गया है। जानकारी नगर अध्यक्ष अमन जैन सिसोदिया ने दी।

**वैक्सीनेशन महाअभियान** दूसरे दिन ही आधा

# संभाग में रतलाम और मंदसौर सबसे निचले पायदान पर रहे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सोमवार से शुरू हुआ वैक्सीनेशन महाअभियान दूसरे ही दिन आधा हो गया है। पहले दिन जहां 58 केंद्रों पर वैक्सीन लगाई गई थी, वहीं, मंगलवार को अवकाश होने से वैक्सीन नहीं लगी। अब बुधवार को वैक्सीनेशन होगा लेकिन केंद्रों को आधा कर दिया है, यानी शहर में 26 स्थानों पर ही टीके लगाए जाएंगे। इधर, पहले दिन के राज्य मिले टारगेट को पूरा करने के मामले में रतलाम संभाग में पीछे रहा। मंदसौर और रतलाम में 119%-119% लक्ष्य की प्राप्ति हुई जो अच्छा है, लेकिन संभाग में सबसे कम है।

**ऑनलाइन बुकिंग के लिए पोर्टल भी खोला-** मंगलवार को ऑनलाइन बुकिंग भी हुई। इसके लिए स्लॉट खोले गए थे, हालांकि स्लॉट बुकिंग जरूरी नहीं है। केंद्रों पर सीधे पहुंचने वालों को भी वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके लिए आधार कार्ड साथ लेकर केंद्र पर जाना होगा।

**उज्जैन संभाग की ऐसी स्थिति**

| शहर | प्रतिशत |
|---|---|
| उज्जैन | 162% |
| शाजापुर | 149% |
| देवास | 159% |
| आगर | 129% |
| नीमच | 120% |
| मंदसौर | 119% |
| रतलाम | 119% |

(राज्य से मिले लक्ष्य के अनुसार।)

# विदेश जाने वालों को नहीं लगी वैक्सीन, अधिकारी बोले - पोर्टल बंद हो गया, अब आज लगेगा शिविर

विदेश जाने वाले लोगों को कोविशील्ड का दूसरा डोज 28 दिन में ही लगाया जा रहा है ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो। इसके लिए मंगलवार को न्यू कलेक्टोरेट में विशेष सत्र लगना था, लेकिन ऐनवक्त पर यह सत्र कैंसिल कर दिया। जिम्मेदार पोर्टल नहीं खुलने की बात कह रहे हैं। इधर, इस शिविर को अब बुधवार को लगाया जाएगा।

**वीजा या आईकार्ड भी हो मान्य :** इधर सत्र के लिए बोहरा समाज के लोग ज्यादा संख्या में आए थे। समाज के सलीम आरिफ भी मौके पर पहुंचे और एसडीएम अभिषेक गेहलोत से चर्चा की। आरिफ ने एसडीएम से आईकार्ड या वीजा को भी मान्य करने की अपील की।

**सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लगेगा सत्र**

अब यह विशेष सत्र 23 जून को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक लगेगा। हितग्राही जिला शहरी विकास अभिकरण (मो. 9993988841) के कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज का सत्यापन करवाना होगा।

**नई व्यवस्था** **कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की बैठक में दिए निर्देश**

# टीकाकरण नहीं करवाने वालों को नहीं मिलेगा वेतन

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने मंगलवार शाम आयोजित समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि उनके कार्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी वैक्सीनेशन करवाकर कोरोना से सुरक्षित हो जाएं। यदि किसी कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा वैक्सीनेशन नहीं करवाया गया है तो उस कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों को सैलरी नहीं मिलेगी। सभी डीडीओ इस आशय का प्रमाण पत्र देंगे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह, अपर कलेक्टर जमुना भिड़े आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि विवाह आयोजन की परमिशन में एसडीएम यह ध्यान रखें कि सम्मिलित होने वाले सभी मेहमान वैक्सीन लगवा चुके हों अन्यथा परमिशन नहीं दी जाएगी। शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि शिक्षकों के वैक्सीनेशन हेतु एसडीएम से चर्चा कर कैंप लगवाएं। कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि कोरोना की तीसरी लहर की स्थिति में जिले के शासकीय चिकित्सालयों में बच्चों के उपचार के प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं के लिए प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।



कस्तूरबानगर सुमंगल गार्डन में टीका लगवाते हुए समाजसेवी अमित कोठारी।

**अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले कोविशील्ड का दूसरा डोज आज लगवा सकेंगे**

अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले नागरिकों को कोविशील्ड का दूसरा डोज बुधवार को न्यू कलेक्टर कार्यालय महू रोड पर सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक लगाया जाएगा। मंगलवार को आयोजित सत्र तकनीकी कारणों से निरस्त कर दिया गया था। विशेष सत्र के दौरान अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने वाले पात्र हितग्राही परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण (मोबाइल नंबर 9993988841) के कार्यालय में दस्तावेज प्रमाणित कराकर केवल 28 दिन के अंतराल पर कोविशील्ड का दूसरा टीका लगवा सकते हैं। मंगलवार को आयोजित सत्र पोर्टल संबंधी कारणों से निरस्त किया गया था।

**शहर में आज 26 स्थानों पर होगा टीकाकरण**

सीएमएचओ डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि बुधवार को रतलाम शहर में रामकला सभागृह लक्ष्मणपुरा, गुरु रामदास स्कूल विनोबा नगर, कम्युनिटी हाल अलकापुरी, संत नामदेव पब्लिक स्कूल कोमल नगर, सिंधु गुरुद्वारा मोहन नगर, काश्यप सभागृह सागोद रोड, राधा कृष्ण माध्यमिक विद्यालय दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर, मानस भवन मोती नगर, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, सब्जी फरोश जमात खाना सायर चबूतरा, संत मीरा स्कूल थावरिया बाजार, जमातखाना शेरानी पुरा, काजी खान मस्जिद जावरा रोड, लायंस हाल पावर हाउस रोड, रंगोली गार्डन गीता मंदिर रोड, माहेश्वरी धर्मशाला कसेरा बाजार, जाट धर्मशाला सुतारों का वास, आईएमए हाल राजेंद्र नगर, मदरसा तालीमुल कुर आन, सूरज हाल वेद व्यास कॉलोनी, घटला रेलवे हास्पिटल केवल रेलवे कर्मचारियों के लिए, इप्का (केवल इप्का कर्मचारियों के लिए), डीआरएम आफिस (केवल कोविशील्ड का दूसरा डो), न्यू कलेक्ट्रेट (विदेश जाने वालों के लिए), पुराना कलेक्ट्रेट (केवल को वैक्सीन का दूसरा डोज) पर वैक्सीनेशन किया जाएगा।

**ग्राम पलसोड़ा और डेलनपुर में टीकाकरण के प्रति उत्साह**

जिले में कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। शहर के समीपस्थ ग्राम पलसोड़ा में अब तक 1073 लोग कोविड का टीका लगवा चुके हैं जबकि ग्राम डेलनपुर में 920 लोगों का टीकाकरण किया गया है।

---

**सभी को देना होगा वैक्सीनेशन से जुड़ा प्रमाण पत्र**

# वैक्सीनेशन कराने पर ही मिलेगा वेतन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शासकीय दफ्तरों में काम करने वालों के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वैक्सीन की अनिवार्यता कर दी है। इस संबंध में कलेक्टर ने मंगलवार शाम को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी, कर्मचारी वैक्सीनेशन करवाकर कोरोना से सुरक्षित हो जाएं। यदि किसी कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा वैक्सीनेशन नहीं करवाया गया है तो उस कार्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों को सैलरी नहीं मिलेगी। सभी डीडीओ इस आशय का प्रमाण पत्र देंगे।

कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि शादी विवाह आयोजन की अनुमति में एसडीएम यह ध्यान रखें कि सम्मिलित होने वाले सभी मेहमान वैक्सीन लगवा चुके हो अन्यथा परमिशन नहीं दी जाएगी। वैक्सीनेशन अभियान की आगामी दिनों की तैयारियों की समीक्षा भी कलेक्टर द्वारा की गई। शिक्षा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि शिक्षकों के वैक्सीनेशन के लिए एसडीएम से चर्चा कर कैंप लगवाएं। सीएमएचओ को निर्देशित किया कि शासकीय चिकित्सालयों में बच्चों के उपचार के समुचित प्रबंधन एवं व्यवस्थाओं के लिए विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

## सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने कहा कि किसान कल्याण कृषि विकास विभाग तथा राजस्व विभाग के द्वारा निराकरण की प्रगति ठीक नहीं है, दोनों विभाग ध्यान दें। उचित मूल्य की दुकानों पर गरीबों को मिलने वाले राशन वितरण की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि एसडीएम पांच-पांच दुकानों की चेकिंग रेंडमली करें। इसके अलावा तहसीलदार तथा जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी 10-10 दुकानों की चेकिंग करें। जनपद पंचायत सैलाना के ग्राम खाकराखुर्द में पानी की समस्या की शिकायत निराकरण के लिए सैलाना जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि वह स्वयं जाकर गांव में देखकर आए कि ग्रामीणों को पानी मिल रहा है या नहीं और रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# दो नए पाजिटिव मिले और चार डिस्चार्ज

## मेडिकल कालेज में अब केवल 22 मरीज उपचाररत

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में मंगलवार को तीन नए पाजिटिव केस सामने आए। चार मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। अब एक्टिव मरीजों की संख्या 145 है। जिले में अब तक 17470 पाजिटिव केस सामने आ चुके हैं, वहीं 17014 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया जा चुका है। मौत का कुल आंकड़ा 311 है।

शासकीय मेडिकल कालेज स्थित हास्पिटल में अब केवल 22 पेशेंट भर्ती हैं। इनमें से सात कोरोना पाजिटिव है तथा शेष अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कालेज के डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को मेडिकल कालेज से एक मरीज को डिस्चार्ज किया गया तथा तीन नए मरीज भर्ती हुए। 550 बेड के अस्पताल में आइसीयू के 56 बेड में से 14 पर पेशेंट भर्ती हैं। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त हैं। आक्सीजन बेड 180 हैं, जिनमें से आठ पर पेशेंट भर्ती हैं। नान आक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हास्पिटल में 528 बेड रिक्त हैं। रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टाक 56 है।



## मेडिकल कॉलेज मे 22 मरीज उपचारत

रतलाम ● शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित हॉस्पिटल में आज की स्थिति में केवल 22 मरीज भर्ती हैं, जिनमें से 07 कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज से 1 मरीज को डिस्चार्ज किया गया तथा 3 नए मरीज भर्ती हुए। 550 बेड के अस्पताल में आईसीयू के 56 बैड में से 14 पर पेशेंट भर्ती हैं। एचडीयू के 172 बैड पूरी तरह रिक्त हैं। ऑक्सीजन बैड 180 हैं जिनमें से आठ पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हॉस्पिटल में 528 बैड्स रिक्त हैं। रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टॉक 56 है।

## मेडिकल कॉलेज में 22 पेशेंट उपचाररत

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित हॉस्पिटल मे आज की स्थिति में केवल 22 पेशेंट भर्ती है, जिनमें से 07 कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज से 1 मरीज को डिस्चार्ज किया गया तथा 3 नये मरीज भर्ती हुए। 550 बेड के अस्पताल में आईसीयू के 56 बैड में से 14 पर पेशेंट भर्ती हैं। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त हैं। ऑक्सीजन बैड 180 हैं जिनमें से आठ पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हॉस्पिटल में 528 बैड्स रिक्त है। रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टॉक 56 है।

## मेडिकल कॉलेज में 22 पेशेंट उपचाररत

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज स्थित हॉस्पिटल मे आज की स्थिति में केवल 22 पेशेंट भर्ती हैं, जिनमें से 07 कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष अन्य समस्याओं वाले हैं। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज मेडिकल कॉलेज से 1 मरीज को डिस्चार्ज किया गया तथा 3 नये मरीज भर्ती हुए। 550 बेड के अस्पताल में आईसीयू के 56 बैड में से 14 पर पेशेंट भर्ती हैं। एचडीयू के 172 बेड पूरी तरह रिक्त हैं। ऑक्सीजन बैड 180 हैं जिनमें से आठ पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 पूरी तरह रिक्त हैं। हॉस्पिटल में 528 बैड्स रिक्त हैं। रेमडेसिविर की स्थिति के अनुसार टोटल रिसीव 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कंज्यूम्ड 5967, करंट स्टॉक 56 है।

## जोनल अधिकारियों ने किया वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण

रतलाम। टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा जोनल अधिकारियो की ड्यूटी लगाई थी। जिनके द्वारा संबंधित वैक्सीनेशन सेंटर का निरीक्षण कर टीकाकरण के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा केन्द्रों मे आने वाले लोगों से संवेदनशीलता एवं आदर सत्कार के साथ टीकाकरण का आग्रह करने की भी सलाह कर्मचारियो को दी गई। अधिकारियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के टीकाकरण केंद्रों का अवलोकन करते हुए वैक्सीन की उपलब्धता तथा नागरिको के प्रथम एवं द्वितीय डोज की वैक्सीन लगवाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। टीकाकरण अभियान 30 जून तक चलेगा, जिनमें लोग अपने सुविधा के अनुसार आकर टीकाकरण कराएं ताकि यह महाअभियान पूर्णतः सफल रहे इसमे समाज के समस्त वर्गों की सहभागिता अनिवार्य है।

# अब तीसरी लहर से लड़ने की तैयारी

# पीआईसीयू वार्ड रेडी, आज से बच्चों की जांच, कोविड बाद के रोग देखेंगे

## बाल चिकित्सालय का रिनोवेशन शुरू, 50 लाख का खर्च आएगा, सितंबर तक तैयारियां पूरी होने की उम्मीद

भास्कर संवाददाता | रतलाम

कोरोना की तीसरी लहर की सुगबुगाहट के बीच जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। जानकार अगली लहर में बच्चों के ज्यादा संक्रमित होने की आशंका जता रहे हैं, ऐसे में बच्चों पर विशेष फोकस है। बाल चिकित्सालय को नए सिरे से तैयार कर रहे हैं। इसमें 50 लाख का खर्च है।

बाल चिकित्सालय का रिनोवेशन शुरू हो चुका है। गलियारों के टूटे प्लास्टर को सही किया जा रहा है वहीं झूला स्थल पर खुदाई हो रही है। 75 बेड का चिल्ड्रन कोविड केयर सेंटर बनाया जा रहा है। इनमें संक्रमित बच्चे रहेंगे। बाल चिकित्सालय की बिल्डिंग पुरानी हो चुकी थी इसलिए रिनोवेशन जरूरी था। इधर मेडिकल कॉलेज में भी काम हो रहा है। अभी कॉलेज में मरीज 30 से कम रह गए हैं, ऐसे में पूरा फोकस बच्चों पर है। वहां 30 बेड का पीआईसीयू तैयार हो चुका है, जिसमें खिलौने, गेम्स भी रखे गए हैं।



बाल चिकित्सालय में रिनोवेशन का काम जारी है।

### आज सुबह 10 से 2 बजे तक शिविर

इधर मेडिकल कॉलेज द्वारा 23 जून को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक बच्चों की जांच के लिए विशेष शिविर लगाया जा रहा है। ग्रामीण स्वास्थ्य एवं प्रशिक्षण केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सरवन, सैलाना और रतलाम में शिविर लगेगा। इसमें बच्चों की जांच के साथ ही कोविड के बाद होने वाली परेशानियों को भी देखा जाएगा।

**वैक्सीनेशन** • पहले दिन सर्वाधिक 16.91 लाख टीके लगाने वाले मप्र में 4,825 टीके

### जोश दिखाया, तैयारी नहीं

मध्यप्रदेश ने पहले दिन 8 हजार से ज्यादा टीका केंद्र से रिकॉर्ड बनाया, दूसरे दिन सिर्फ 291 केंद्र पर टीके

### होश दिखाया, रफ्तार वही

यूपी, गुजरात, कर्नाटक के साथ ही केरल, राजस्थान, हिमाचल ने रफ्तार कायम रखी, पहले दिन जितने टीके

### आगे रफ्तार बनी रहेगी?

राज्यों में 2 करोड़ से कम टीके बचे, इस हफ्ते 24 लाख मिलेंगे, ऐसे में रोज 50 लाख से ज्यादा टीके कैसे लगेंगे?

# दो दिन में 1.39 करोड़ टीके, इतने आठ दिन में लग रहे थे

### देश में 16 जनवरी से 20 जून तक टीकों का रोजाना औसत 17.7 लाख रहा है

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

देश में वैक्सीनेशन की रफ्तार थोड़ी कम हुई। रात 10 बजे तक 53.44 लाख टीके लगे। यह सोमवार को लगे 85.98 लाख टीकों के बाद अब तक का दूसरा बड़ा आंकड़ा है। इस हिसाब से दो दिन में ही देश में कुल 1.39 करोड़ टीके लगे। वैक्सीनेशन के पहले दिन 16 जनवरी से 20 जून तक लगे कुल टीकों का रोजाना औसत 17.7 लाख है। यानी देश में पिछले दो दिन में ही इतने टीके लग गए, जितने अब तक आठ दिन में लग रहे थे।

वैक्सीनेशन की मेगा ड्राइव के दूसरे दिन भी यूपी, गुजरात और कर्नाटक टॉप-5 राज्यों में रहे। जबकि, सोमवार को सर्वाधिक 16.91 लाख टीके लगाने वाला मध्यप्रदेश सिर्फ 4,825 टीके लगा सका। इसी तरह छत्तीसगढ़, बिहार, कर्नाटक और यूपी में हर टीका केंद्र पर औसतन 100 से कम टीके लगे, जबकि हर केंद्र पर रोज 200 टीके लगाए जा सकते हैं।

**टीके की क्षमता**

### सिर्फ केरल, उत्तराखंड में 1 केंद्र पर 150 से ज्यादा टीके लग रहे

| | 22 जून को टीके | टीका केंद्र | 1 केंद्र पर औसत टीके |
|---|---|---|---|
| यूपी | 7,96,458 | 8,450 | 94 |
| महाराष्ट्र | 5,56,517 | 4,898 | 114 |
| गुजरात | 4,26,317 | 3,805 | 112 |
| कर्नाटक | 3,92,427 | 5,558 | 71 |
| राजस्थान | 3,76,183 | 3,409 | 110 |
| प. बंगाल | 2,98,933 | 2,334 | 128 |
| बिहार | 2,83,901 | 3,140 | 90 |
| असम | 2,45,018 | 1,968 | 125 |
| केरल | 2,30,496 | 1,519 | 152 |
| तमिलनाडु | 2,15,589 | 1,635 | 132 |
| तेलंगाना | 1,48,868 | 1,177 | 126 |
| हिमाचल | 1,20,488 | 946 | 127 |
| उत्तराखंड | 1,17,984 | 736 | 160 |
| पंजाब | 1,13,595 | 2,069 | 55 |
| छत्तीसगढ़ | 1,06,564 | 3,188 | 33 |
| झारखंड | 1,01,489 | 1,276 | 80 |
| दिल्ली | 84,795 | 1,150 | 74 |
| मध्यप्रदेश | 4,825 | 291 | 17 |

▪ केंद्र के अनुसार, टीका केंद्र पर रोज 200 टीके लगने चाहिए। राज्यों को यह सोचना होगा कि संसाधनों का पूरा इस्तेमाल कैसे हो। लेकिन, कई राज्यों में अब भी क्षमता से कम टीके लग रहे हैं।

फेज-3 ट्रायल के नतीजे

### कोवैक्सीन का टीका 77.8% असरदार, यानी कोविशील्ड से ज्यादा, स्पूतनिक से थोड़ा कम

**नई दिल्ली** | भारत बायोटेक का कोरोना टीका 'कोवैक्सीन' तीसरे चरण में 77.8% असरदार पाया गया है। कंपनी ने डीसीजीआई को तीसरे चरण के परीक्षण के आंकड़े सौंपे। इनके अनुसार, तीसरे चरण का परीक्षण 25,800 लोगों पर हुआ था।

**देश में मौजूद तीनों वैक्सीन कितनी असरदार**

**77.8%** कोवैक्सीन

**70.42%** कोविशील्ड

**81%** स्पूतनिक-वी

दरअसल, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कोवैक्सीन के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) प्रस्ताव को स्वीकार लिया है। टीके की मंजूरी के संबंध में दस्तावेज सौंपने के पहले 23 जून को डब्ल्यूएचओ के साथ बैठक होनी है। इस बैठक में निर्माता कंपनी के पास टीके की गुणवत्ता को लेकर संक्षिप्त विवरण पेश करने का अवसर होगा। भारत बायोटेक ने पिछले महीने कहा था कि उसे कोवैक्सीन के आपात इस्तेमाल के लिए डब्ल्यूएचओ से सितंबर तक मंजूरी मिलने की उम्मीद है। इसके मद्देनजर कंपनी अपनी वैक्सीन का उत्पादन बढ़ाने में लगी है। इस साल की अंतिम तिमाही तक कंपनी हर साल 100 करोड़ डोज के हिसाब से उत्पादन बढ़ाने पर काम कर रही है।

# मतदान की तरह टीकाकरण महाअभियान में लगे भाजपा कार्यकर्ता

रतलाम। कोरोना महामारी की रोकथाम के लिए चलाए गए टीकाकरण महाअभियान के पहले दिन भाजपा कार्यकताओं की मेहनत रंग लाई। शहरवासियों को अधिक से अधिक प्रेरित करने से महाअभियान में 14,000 से अधिक लोगों का टीकाकरण हुआ। अभियान के दौरान सभी टीकाकरण केन्द्रों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हेल्प डेस्क लगाकर आमजन की मदद के लिए सक्रियता के साथ सहभागिता की। इससे पूर्व दिनभर मतदान कराने की तर्ज पर घर-घर जाकर आम लोगों को टीकाकरण के लिए केन्द्र पर आने का न्यौता दिया और उन्हें केन्द्र पर लाकर टीका लगवाया। रतलाम शहर विधानसभा के टीकाकरण प्रभारी सोमेश पालीवाल ने बताया कि




टीकाकरण महाअभियान के लिए भाजपा कार्यकर्ता हर घर पहुंचे। महाअभियान के प्रथम दिन विधायक चेतन्य काश्यप ने उजाला पेलेस, सिंधि गुरुद्वारा, रामदास पब्लिक स्कूल, माहेश्वरी धर्मशाला, काश्यप सभागृह जैन स्कूल, शैरानी पुरा जमातखाना, लॉ कॉलेज, रंगोली सभागृह आदि स्थानों पर पहुंचकर टीकाकरण के लिए शहरवासियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का भी हौंसला बढ़ाया। इस दौरान जिला टिकाकरण प्रभारी गोविंद काकानी भी उनके साथ रहे। भाजपा पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी कार्यकर्ता भी दिनभर टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में जुटे रहे। टीकाकरण अभियान के पहले दिन कुल 14091 लोगों ने टीके लगवाए जो पार्टी द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। श्री पालीवाल ने बताया कि टीकाकरण महाअभियान के तहत? शहर में शत? प्रतिशत? टीकाकरण का लक्ष्य पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों को पहले दिन टीकाकरण के प्रति जागरूकता दिखाने पर धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## रतलाम शहरः कोविड वैक्सिनशन महाअभियान
## आज का प्लान

| क्र. | वार्ड क्रमांक | सत्र स्थल |
|---|---|---|
| 1 | 2 | [illegible] सभागृह , [illegible] |
| 2 | 5 | गुरु रामदास स्कूल , [illegible] नगर |
| 3 | 7 | कम्युनिटी हाल , [illegible] |
| 4 | 8 | [illegible] स्कूल , [illegible] नगर |
| 5 | 10 | [illegible] गुरुद्वारा , मोहन नगर |
| 6 | 16 | [illegible] सभागृह , [illegible] |
| 7 | 19 | रामकृष्ण [illegible] विद्यालय , [illegible] |
| 8 | 20 | [illegible] स्कूल , [illegible] |
| 9 | 22 | [illegible] भवन , [illegible] |
| 10 | 23 | ज्योति कान्वेन्ट स्कूल , [illegible] नगर |
| 11 | 24 | [illegible] , [illegible] |
| 12 | 25 | [illegible] स्कूल , [illegible] |
| 13 | 27 | [illegible] , [illegible] |
| 14 | 30 | [illegible] |

# शहर के मुख्य बाजारों की साफ-सफाई व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो बड़ा आंदोलन होगा : पंड्या


प्रसारण न्यूज़ * रतलाम



जैसा की विदित है बारिश का मौसम आ चुका है नगर निगम के स्वास्थ्य कर्मियों से लेकर कमिश्नर तक कई बार शहर के मुख्य बाजार नोलाईपुरा, चौमुखी पुल, खैरादीवास, घांस बाजार, कलाईगर रोड, भरावा कुई और पोरवाड़ा का वास में रहने वाले नालों की सफाई के लिए कहा गया। लेकिन इस ओर ध्यान न दिया जबकि निगम के पास कोरोना काल एक बहुत अच्छा अवसर नालों की सफाई के लिए था लेकिन नहीं किया गया। नालों की सफाई ना होने के कारण खैरादीवास से लेकर पोरवाड़ों के वास तक का यह पूरा क्षेत्र जरा सी बारिश में घुटने घुटने तक पानी से भर जाता है। क्षेत्र में आने वाले हमारी आस्था के देवस्थान भी गटर के पानी से गंदे हो जाते है। इसका ताजा उदाहरण आज सुबह का है घास बाजार स्थित भेरूजी का मंदिर पूरी तरीके से गटर के पानी से भरा गया। यह जनता की धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते निगम प्रशासन को चेतावनी देता हूं अगले 2 दिन में क्षेत्र की सफाई व्यवस्था नहीं गई तो बड़ा हो जाएगा। उक्त जानकारी बसंत पंड्या अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 3 ने दी।

# दो दिन में सफाई व्यवस्था नहीं सुधारी तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा

## भेरूजी के मंदिर में भरा गंदा पानी



रतलाम ● ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 3 के अध्यक्ष बसंत पंड्या ने बताया कि बारिश का मौसम आ चुका है। नगर निगम के स्वास्थ्यकर्मियों से लेकर कमिश्नर तक कई बार शहर के मुख्य बाजार नोलाईपुरा, चौमुखीपुल की खैरादीवास, घांस बाजार, कलाईगर रोड, भरावा कुई और पोरवाड़ा का वास में बहने वाले नालों की सफाई के लिए कहा गया लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया।

जबकि निगम के पास कोरोना काल एक बहुत अच्छा अवसर नालों की सफाई के लिए था, लेकिन नहीं किया गया। नालों की सफाई ना होने के कारण खैरादीवास से लेकर पोरवाड़ों के वास तक का यह पूरा क्षेत्र जरा सी बारिश में घुटने-घुटने तक पानी से भर जाता है। क्षेत्र में आने वाले हमारी आस्था के देवस्थान भी गटर के पानी से गंदे हो जाते हैं। इसका ताजा उदाहरण आज सुबह का है, घास बाजार स्थित भेरुजी का मंदिर पूरी तरीके से गटर के पानी से भरा गया। यह जनता की धार्मिक आस्था के साथ खिलवाड़ है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते

# जिले में टीकाकरण महाअभियान के दौरान प्रत्येक वर्ग में दिखा अपार उत्साह

## सांसद, विधायकों एवं कलेक्टर ने वैक्सीनेशन केंद्रों पर पहुंचकर किया निरीक्षण

रतलाम। राज्य शासन द्वारा संचालित टीकाकरण महाअभियान के तहत जिले में भी टीकाकरण महाअभियान का शुभारंभ 21 जून को हुआ। प्रात: 9 बजे से ही जिले के सभी वैक्सीनेशन सेंटरों पर अस्पताल का स्टाफ अपनी वैक्सीन लेकर पहुँच चुके थे, उसके बाद जैसे-जैसे समय बढ़ता गया, वैसे-वैसे लोग अपने अपने घरों से निकलकर अपने वैक्सीनेशन सेंटर पहुंचे और अपना वैक्सीनेशन करवाया। जिले में शाम 6 बजे तक 31,950 व्यक्ति वैक्सीनेशन करा चुके थे। टीकाकरण महाअभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों का वैक्सीनेशन कार्य हो सके, इसके लिए जिला मुख्यालय पर 52 टीकाकरण केंद्र स्थापित किए गए। नगर के प्रत्येक वार्ड में स्थापित इन केन्द्रो पर युवाओ, बुजुर्गों, महिलाओं ने उत्साह दिखाते हुए वैक्सीनेशन कराया। शहर में कई टीकाकरण केंद्रों पर सुंदर सजावट की जाकर आकर्षक स्वरूप दिया गया। कई केंद्रों पर टीका लगाने आने वाले व्यक्तियों का पुष्पहारो से स्वागत किया गया। लोगों का टीकाकरण होने के बाद उन्हें लगने वाले डोज की जानकारी दी गई एवं दूसरी डोज कब लगनी है, की भी जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही बुखार आने की स्थिति में पैरासिटामोल टेबलेट का वितरण भी वैक्सीनेशन सेंटर से किया गया।

सांसद श्री गुमानसिंह डामोर ने करिया तथा उत्कृष्ट विद्यालय सैलाना में स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर पहुंचकर वैक्सीनेशन कार्य का निरीक्षण किया। रतलाम शहर के उजाला पैलेस स्थित वैक्सीनेशन सेंटर पर शहर विधायक श्री चैतन्य काश्यप ने टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। जावरा विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडे ने कमला नेहरू स्कूल, मच्छी भवन में स्थित टीकाकरण केंद्र पर टीकाकरण कार्य की शुरुआत की। मोती नगर रतलाम स्थित टीकाकरण केंद्र का कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाएं देखी। सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री गौरव तिवारी भी साथ थे।

कलेक्टर तथा एसपी सैलाना, जावरा तथा आलोट के वैक्सीनेशन केंद्रों पर भी पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने बताया कि प्रत्येक वर्ग से लोग बड़े उत्साह के साथ टीकाकरण केंद्र पहुंचे तथा अपना आधारकार्ड दिखाते हुए टीकाकरण कराया। खासकर युवाओं में अच्छा खासा उत्साह देखा गया। टीकाकरण कराने वाले निर्मल अग्रवाल, आसिफ, शाहिन, नरेंद्र कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, बद्रीलाल मौर्य ललित सेन, प्यारेलाल जमरा ने बताया कि वैक्सीनेशन कराने के बाद हम अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा निशुल्क टीकाकरण कराया जा रहा है, इसके लिए सरकार धन्यवाद की पात्र है। उन्होने जिलेवासियो से भी अपील करते हुए कहा कि टीकाकरण महाअभियान 30 जून तक चलाया जा रहा है। कोविड 19 से बचने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग टीकाकरण कराए, तभी हम परिवार, समाज, जिला एवं प्रदेश को सुरक्षित रख पायेंगे।

# अमृत सागर सुंदरीकरण के लिए टेंडर

## प्रदेश शासन ने समिति बनाई, निगम को पहली किस्त में 6.85 करोड़ का अनुदान



ड्रोन कैमरे से कैद किया गया रतलाम के अमृत सागर तालाब का विहंगम दृश्य। • फाइल फोटो

**योजना में इस तरह से होगा काम**

- तालाब से जलकुंभी समाप्त की जाएगी।
- तालाब की पाल करीब 10 फीट चौड़ीकर बैठक व्यवस्था बेहतर की जाएगी।
- नालों के दूषित पानी का मार्ग भी परिवर्तित किया जाएगा।
- तलहटी से गाद, रेत व आसपास की गंदगी निकाली जाएगी।
- तालाब सुरक्षित करने के लिए बाउंड्रीवाल निर्माण।

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** शहर में प्राचीन अमृत सागर तालाब के सुंदरीकरण की योजना में अब नगर निगम ने परियोजना प्रबंधक की नियुक्ति के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही सिविल वर्क व उद्यान विकास के उपकरणों को लेकर भी अलग-अलग टेंडर जारी करने की प्रक्रिया चल रही है। मंगलवार को नगरीय प्रशासन विभाग ने भी अमृत सागर तालाब के संरक्षण, संवर्धन, उन्नयन एवं प्रबंधन के लिये अंतर्विभागीय समिति गठित कर दी।

इस समिति में अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग को अध्यक्ष, वित्त विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव, आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, आयुक्त नगर निगम को सदस्य तथा कार्यपालन संचालक पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल को संयोजक नामांकित किया गया है। समिति गठन के बाद पूरी योजना काम तेजी से होने की संभावना है।

मालूम हो कि केंद्र की झील संरक्षण योजना में 22.84 करोड़ की लागत के प्रोजेक्ट को स्वीकृति व प्रथम किस्त के रूप में 6.85 करोड़ रुपये का अनुदान मिलने के बाद राज्य वित्त समिति से भी अनुमति मिल गई है। पहले योजना की लागत करीब 40 करोड़ आंकी गई थी। कई संशोधन व परिवर्तन के बाद लागत 26.87 करोड़ की गई।

**तालाब पर एक नजर**

अमृत सागर तालाब 0.18 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। अभी इसमें बोहरा बाखल तथा लक्कड़पीठा नाले का दूषित पानी मिलता है। गत एक-डेढ़ दशक से जलकुंभी की समस्या है। नगर निगम हर साल लाखों रुपये जलकुंभी हटाने पर खर्च करता है। सीवरेज का पानी मिलने से भूमिगत जल भी प्रदूषित हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने इस संबंध में कई बार आंदोलन भी किए।



# अमृत सागर तालाब संरक्षण की खुल गई राह

रतलाम. अमृत सागर तालाब के संरक्षण और संवर्धन को लेकर आखिरकार मार्ग खुल ही गया। इसे लेकर लंबे समय से किसी न किसी व्यक्ति व संस्था के द्वारा आवाज उठाई जा रही थी। इसके साथ ही बीते 163 दिनों से धर्म ध्वजा यात्रा भी निकाली जा रही है। जिसमें शहर के कार्तिक अखाड़े से हर दिन गुरु सत्यनारायण शर्मा सत्तू पहलवान के नेतृत्व में कार्तिक अखाड़ से गुरुभाइयों के द्वारा धर्म ध्वजा यात्रा निकाली जाती है।

यात्रा के तहत प्रतिदिन सुबह 7 से 8 बजे तक अमृत सागर तालाब की तीन परिक्रमा प्रतिदिन कार्तिक अखाड़ा त्रिपोलिया गेट से प्रारंभ होती है। सभी गुरुभाई एवं क्षेत्रीय जनता के साथ की, गुरु का संकल्प है कि तालाब मे भव्य शिव प्रतिमा बने। पहले तालाब का स्वच्छ होना व शुद्धिकरण विधिवत होना जरूरी है, तभी तालाब में शिवजी की भव्य प्रतिमा बनाने का मार्ग मिलेगा। इसी को लेकर बीते 163 दिनों से यह यात्रा निरंतर जारी है।

राज्य शासन द्वारा अमृत सागर तालाब रतलाम मध्यप्रदेश के संरक्षण, सवंर्धन, उन्नयन एवं समेकित प्रबंधन परियोजना की समीक्षा किए जाने के लिए अंतर्विभागीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में अपर मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन, पर्यावरण विभाग को अध्यक्ष, प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग, प्रमुख सचिव मध्यप्रदेश शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, आयुक्त संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, आयुक्त नगर पालिका निगम रतलाम को सदस्य के रूप में तथा कार्यपालन संचालक पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन भोपाल को संयोजक नामांकित किया गया है।